तापमान
अधिकतम 33 डिग्री
न्यूनतम 27 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, सोमवार, 4 अगस्त 2025



11 हमारा मन हमारे शरीर रूपी रथ का सारथी : जगद्गुरू रामानंदाचार्य ...





12 विद्याकुंज स्कूल लोहरसी में प्रतिभावान छात्र-छात्राएं सम्मानित







कम्पटेक महाविद्यालय
First AICTE Approved College
संबद्धता-उच्च शिक्षा छ.ग. शासन एवं पं. रविशंकर शुक्ल वि.वि.
B.Sc, BCA, B.Com प्लेन एवं कम्प्यूटर्स, PGDCA, DCA
सीमित सीटें
सेमेस्टर सिस्टम (100% रिजल्ट)
शासकीय छात्रवृति प्राप्त करें
ST, SC, OBC 100% UPTO SCHOLARSHIP BASE ADMISSION
आज ही संपर्क करें प्रातः 10 से 2 बजे
अंबेडकर चौक, सोरिद पुल के पास सोरिद नगर धमतरी, मो. 9425503082


## खबर संक्षेप

### अगस्त के दूसरे सप्ताह में बारिश की संभावना

**धमतरी।** अगस्त माह के दूसरे सप्ताह से वर्षा गतिविधि फिर से सक्रिय होने के आसार बन रहे हैं। मौसम विज्ञान केंद्र रायपुर से मिली जानकारी के अनुसार चार दिनों तक मध्य छत्तीसगढ़ में वर्षा की कमी आएगी। इसके बाद बारिश होने की संभावना है। वर्तमान में पांच दिनों तक उत्तर छग में हल्की से मध्यम वर्षा के साथ बादल गरजने की गतिविधि जारी रह सकती है। औसत समुद्रतल पर मानसून द्रोणिका अमृतसर, चंडीगढ़, सामली, शाहजहांपुर, लखनऊ, छपरा, बांकुरा से दक्षिण पूर्व की ओर उत्तर पूर्व बंगाली की खाड़ी तक स्थित है। उत्तर पश्चिम बिहार, उत्तर पूर्व उत्तरप्रदेश के ऊपर ऊपरी हवा का चक्रवाती परिसंचरण समुद्रतल से 4.5 किमी तक फैला हुआ है। ऊंचाई के साथ दक्षिण पश्चिम की ओर झुका हुआ है। चेतावनी में कहा गया है कि सोमवार को प्रदेश के एक दो स्स्थानों पर मेघ गर्जन के साथ वज्रपात हो सकता है।



### श्रावण पूर्णिमा एवं रक्षाबंधन 9 अगस्त को मनाया जाएगा

**धमतरी।** विप्र विद्वत परिषद धमतरी ने बताया की रक्षाबंधन का पर्व श्रावण मास शुक्ल पक्ष पूर्णिमा को मनाया जाता है। इस वर्ष पूर्णिमा तिथि 8 अगस्त को दोपहर 2 बजकर 14 मिनट में प्रारंभ हो जाएगा पूर्णिमा तिथि 9 अगस्त को दोपहर 1 बजकर 26 मिनट तक रहेगा। उदयातिथि के अनुसार रक्षाबंधन का पर्व 9 अगस्त को ही मनाया जायेगा। रक्षाबंधन का पर्व इस वर्ष भद्रा से मुक्त रहेगा राखी बांधने के लिए सुर्योदय से लेकर दोपहर 1 बजकर 26 मिनट तक सबसे शुभ रहेगा जो दोपहर तक राखी न बांध पाएगा वो शाम तक राखी बांध सकते हैं। क्योंकि उदिया तिथि में ढाई घंटे से अधिक पूर्णिमा तिथि रहेगा। ऐसे में शाम तक भी राखी बांध सकते हैं। परिषद ने अपील किया है कि रक्षाबंधन पर्व एवं मुहूर्त को लेकर भ्रमित न हों। रक्षाबंधन के दिन इस बार सौभाग्य और शोभन नाम का दो शुभयोग एवं इसी दिन सर्वार्थ सिद्धि योग भी बन रहा है। इस कारण इस दिन रक्षाबंधन बांधना शुभ रहेगा बल्कि अन्य शुभ कार्य भी किया जा सकता है। उपरोक्त जानकारी परिषद के मीडिया प्रभारी पंडित राजकुमार तिवारी ने दी।

शहर में रेत की डिमांड कम, सप्लायरों की कमर टूटी, संघ में भी विद्रोह की लहर

# रेत खदानों में बना सिंडीकेट वसूला जा रहा मनमाना चार्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

एक बार फिर रेत खदानों में मनमाने ढंग से वसूली शुरू हो गई है। रेट काम्पीटिशन समाप्त हो गया है और सिंडीकेट बनाकर काम किया जा रहा है। कहीं पर 300 तो कहीं पर 400 रुपए की वसूली की जा रही है। उधर रेत की डिमांड कम होने से ट्रांसपोर्टरों को रेट भी ढंग से नहीं मिल रहा है।

लाख प्रयास के बाद भी अवैध रेत खदानों से उत्खनन बंद नहीं हो रहा है। अछोटा, कोलियारी, अमेठी, परसुली सहित अन्य अवैध खदानों से धड़ल्ले से रेत का अवैध उत्खनन हो रहा है। यही नहीं रेत निकासी पर ट्रैक्टरों से वसूली भी जमकर की जा रही है। जानकारी के अनुसार अमेठी सहित कई रेत खदानों में अघोषित खदान ठेकेदारों के द्वारा एक ट्रैक्टर रेत के लिए 300 रुपए तक वसूली की जा रही है। वहीं परसुली सहित कुछ खदानों में 200 रुपए की वसूली की जा रही है। इससे ट्रांसपोर्टर परेशान हो गए हैं। वसूली को लेकर ट्रैक्टर यूनियन संघ के पदाधिकारियों की चुप्पी से संघ में फूट पड़ने लगी है। नाम नहीं बताने की शर्त पर ट्रैक्टर संचालकों ने बताया कि कुछ ट्रैक्टर संचालकों की गाड़ियों में खदानों से फ्री में या सस्ते में रेत लोड किया जा रहा है, जिसके चलते वे शहर में काफी कम रेट में रेत पहुंचा रहे हैं। अन्य सदस्यों से मनमाने ढंग से वसूली की जा रही है।



### इसलिए रेट कम

लगातार बारिश से न सिर्फ शहर में बल्कि पूरे जिले में भवन निर्माण कार्य सुस्त चल रहा है, जिसके चलते रेत सहित अन्य मटेरियल की डिमांड काफी कम हो गई है। इसके चलते रेत के दाम भी गिर गए हैं। शहर में पहले रेत 13-14 सौ रुपए ट्रैक्टर ट्राली बिक रहा था। अब वह 1100 रुपए तक गिर गया है। खदानों में चार्ज ज्यादा वसूले जाने से ट्रैक्टर संचालक इस रेट में काम नहीं कर पा रहे हैं। उधर माइनिंग विभाग द्वारा भी खदानों पर कार्रवाई करने के बजाय ट्रैक्टरों को टार्गेट बनाया जा रहा है।

### बना सिंडीकेट

कुछ समय तक अमेठी, कोलियारी सहित अन्य रेत खदान अलग-अलग चल रहे हैं, जिससे रेट काम्पीटिशन शुरू हो गया था। इसका फायदा सप्लायरों सहित आम लोगों को मिल रहा था। एक ट्रैक्टर रेत के लिए खदानों में मात्र 50 रुपए लिया जा रहा था। ज्यादा कमाई के लिए खदानों के अघोषित ठेकेदारों ने सिंडीकेट बनाकर काम शुरू दिया है। अब खदानों में रेट बढ़ाकर 300 रुपए लिया जा रहा है। वहीं एक दो खदानों में 200 रुपए चार्ज लिया जा रहा है।

# गंगरेल बांध का काउंट डाउन शुरू





हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

गंगरेल बांध लबालब होने का काउट डाउन शुरु हो गया है। बांधों में 77 प्रतिशत जलभराव हो चुका है। पानी की आवक सीमित मात्रा में हो रही है। अगर दो दिन झमाझम बारिश हुई तो बांधो का गेट खुल सकता है।

सिंचाई विभाग से मिली जानकारी के अनुसार गंगरेल बांध 32.150 टीएमसी जलभराव का क्षमता रखता है। फिलहाल 25.831 टीएमसी जलभराव हो चुका है। 6 टीएमसी पानी की आवक होते ही बांध का मुख्य गेट खुल जाएगा। गंगरेल में बांध का पानी 1310 क्यूसेक हो रही है। सावन मास बीतने को है, महानदी परियोजना की अन्य बांधों की हालत अभी भी पतली है। माड़मसिल्ली बांध में 2.529 टीएमसी जलभराव के साथ 42 प्रतिशत पानी जमा हो पाया है। दुधावा बांध में 3.234 टीएमसी जलभराव के साथ 31 प्रतिशत, सोंढूर बांध में 2.957 टीएमसी पानी जमा होने के साथ 36 फीसदी जलभराव का रिकार्ड दर्ज किया गया है।

- 77 फीसदी जलभराव, एक झमाझम बारिश की आवश्यकता

वाटर स्पोर्टस के प्रभारी असकंध सिंह ने बताया कि वाटर स्पोर्टस के लिए आसपास जिलों से बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे है। बरदिहा लेक व्यू रिसोर्ट में उड़ीसा, महाराष्ट्र के पर्यटक स्टे कर रहे हैं। मिनी गोवा में वाटर बाईक, मोटरबोट, क्रूज फर्राटे भर रहे हैं।



### नजरों को मिला नजारा

इन दिनों गंगरेल पर्यटन का प्राकृतिक सौंदर्य निखर आया है। इसकी खूबसूरती पर्यटकों को खूब आकर्षित कर रही है। महाराष्ट्र, उड़ीसा आदि प्रदेश से सैलानी नाइट स्टे के लिए पहुंच रहे है। आदिशक्ति मां अंगारमोती के पुजारी ईश्वर नेताम ने बताया कि रविवार को गंगरेल का प्राकृतिक एवं धार्मिक पर्यटन सैलानियों से गुलजार रहा। सावन माह में विशेष पूजा मन्नत कार्यक्रम स्स्थगित रहता है। पवित्र माह में देवी दर्शन के लिए श्रद्धालु दूर दूर से पहुंच रहे है। रविवार को माता दर्शन के लिए महिला पुरुष की लंबी कतार लगी रही।

# प्रयोगशाला परिचारक भर्ती परीक्षा में पूछे गए छत्तीसगढ़ से सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

- छत्तीसगढ़ के प्रथम किन्नर सरपंच का नाम बताइए

व्यापम की ओर से रविवार को शहर के 16 केन्द्रों में प्रयोगशाला परिचारक के लिए परीक्षा ली गई। परीक्षा सुबह 11 से 1.30 बजे तक एक ही पाली में था। 5064 पंजीकृत अभ्यर्थियों में 4507 ने परीक्षा दिलाई। 557 अनुपस्थित रहे। परीक्षा के समन्वयक प्राचार्य डॉ. विनोद कुमार पाठक थे।

परीक्षा में 40 प्रतिशत छत्तीसगढ़ राज्य से संबंधित था। परीक्षार्थी विमल सेन, आकृति साहू, दिनेश देवांगन, राजू यादव, दीप्ति साहू, सुरेखा यादव आदि ने बताया कि पेपर सरल था लेकिन प्रश्न घुमावदार था। हल करने में समय लगा। रिजल्ट माइनस मार्किंग पर आधारित है इसलिए प्रश्नों का उत्तर सोच समझकर दिए हैं। पूछे गए सवाल में छग के प्रथम किन्नर सरपंच कौन थे, प्रथम नक्सल मुक्त गांव, रायपुर में वैगन रिपेयरिंग कब से प्रारंभ हुआ, मुरिया विद्रोह का कारण, छग राज्य की लंबी सीमा किससे लगती है, एल्युमिनियम कंपनी कौन से जिले में है, छग में सर्वाधिक किस फसल की खेती, किस नेता को गांधी ने गुरू माना, फुटका पहाड़ में कौन सा खनिज मिलता है, छग की अर्थव्यवस्था किसमें आधारित है आदि प्रश्नों का उत्तर दिए हैं। परीक्षा शांतिपूर्णक संपन्न हुआ।



# ढाई सौ लीटर दूध से रुद्रेश्वर महादेव का हुआ अभिषेक

- हर रोज सुबह शाम होता है विशेष श्रृंगार, दर्शन करने उमड़ रही भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

रविवार को रूद्रेश्वर महादेव का दूध से अभिषेक किया गया। दोपहर से शुरू यह अभिषेक शाम तक चला, जिसमें करीब 250 लीटर दूध का उपयोग किया गया। दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुओं के लिए भी दूध की व्यवस्था की गई थी।

सावन में भोलेनाथ को प्रसन्न करने के लिए श्रद्धालु उनका दूध, दही सहित अन्य पदार्थों से अभिषेक कर रहे हैं। भोग व चढ़ावा से भी भोलेनाथ को रिझाने की कोशिश की जा रही है। यह सिलसिला रूद्रेश्वर महादेव मंदिर में भी चल रहा है। जहां रोजाना भोलेनाथ को विशेष सामग्री भेंट की जा रही है। रविवार को यहां दोपहर 2 बजे से भगवान का दूध से अभिषेक शुरू किया गया। श्रद्धालुओं को पहले ही इस कार्यक्रम की जानकारी दे दी गई थी, जिसके चलते बड़ी संख्या में श्रद्धालु दूध लेकर भगवान का अभिषेक करने पहुंचे थे। श्री रुद्रेश्वर महादेव परिवार रुद्री द्वारा भी बड़ी मात्रा में दूध की व्यवस्था की गई की गई थी। दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालु भी दुग्धाभिषेक में शामिल हुए। सोमवार को भोलेनाथ को छप्पनभोग लगाया जाएगा। इसके लिए बाहर से विशेष पकवान मंगाए जा रहे हैं। सभी पकवान शुद्धता के साथ बनाया जाएगा।



### फलों से हुआ विशेष श्रृंगार

सालभर भगवान रुद्रेश्वर महादेव का सुबह शाम विशेष श्रृंगार किया जाता है। सावन में भी भोलेनाथ को आकर्षक ढंग से श्रृंगार किया जा रहा है। रविवार को सुबह भोलेनाथ का सब्जियों से श्रृंगार किया गया था। शाम का श्रृंगार फलों से किया गया था। इससे पहले भी शनिवार को रूद्रेश्वर महादेव का चावल, दाल, मूंगफल्ली, अखरोट, साबूत मूंग आदि से श्रृंगार किया गया था।

# तेंदुए पालतू पशुओं को बनाते हैं निशाना

- दौड़ पंडरीपानी में तेंदुए ने किया गांव वालों को परेशान
- घर के सामने से कुत्ते, मुर्गी, छोटे छोटे बछड़े, बैल को ले जाते हैं उठा कर
- रात्रि में गांव के पास आकर चिल्लाने से ग्रामीणों में दहशत

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

नगरी विकास खण्ड के अंतिम छोर के ग्राम पंचायत ठेन्ही के आश्रित जो 4 किलो मीटर दूर जंगल में गांव दौड़ पंडरीपानी बसा हुआ जिसमें कई दिनों से तेंदुए ने गांव वालों को परेशान करके रखा हुआ है। गांव के वार्ड पंच रमेश ग्राम पटेल, श्याम लाल अन्य ग्रमीणों ने बताया कि रात्रि 8 बजते ही गांव के आसपास तेंदुआ गलियों में घूमने लगता है। वहीं शनिवार रात्रि को एक घर के कोठा में ऊपर बैठे मुर्गा को पकड़ कर ले गया। साथ घर के बरामदे पर बैठे कुत्ते को पकड़ने का प्रयास किया। मगर कुत्ते के भौंकेने के कारण तेंदुआ भाग निकला। रात्रि में गाय बैल कोठा के सामने घूमते देखा जा सकता है। गांव वालों के द्वारा सरपंच को सूचना देने पर गांव की गलियों में लाइट लगाया गया। जिसकी रोशनी में गलियों में तेंदुआ दिखाई दे रहा है। इसकी सूचना वन विभाग को दे दी गई है।

सरपंच ज्योति सोम एवं ग्रामीणों ने गांव में लोगों की सुरक्षा को देखते हुए वहां पर रात्रि में सुरक्षा कर्मी तैनात करने की मांग की गई है ताकि गांव में किसी को जन-धन की हानि न पहुंचे।

जनपद सदस्य श्रीधन सोम ने बताया कि वन परिक्षेत्र अधिकारी को उसके दूरभाष नंबर से संपर्क करने की कोशिश की जाती है पर उनके द्वारा फोन रिसीव नहीं की जाती है। वहीं उन्होंने कहा है कि तेंदुए के द्वारा गांव में हमला करने पर होने वाली जन-धन की हानि के लिए विभाग को जिम्मेदार माना जायेगा।



# कबाड़ी दुकानों में सीसीटीवी कैमरे लगाने के दिए निर्देश

- जिले के विभिन्न थानों में एक साथ कई स्तर पर बैठक जागरुकता कार्यक्रम, सतर्कता अभियान आदि का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

लगातार हो रही चोरी की घटनाओं को देखते हुए भखारा पुलिस ने कबाड़ियों व्यवसायियों की बैठक ली। उन्हें हिदायत दी गई कि चोरी की सामग्री न खरीदें। असामाजिक गतिविधियों से संबंधित कोई भी सामग्री उनकी दुकान में पाई जाती है तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्हें अपने दुकानों में सीसीटीवी कैमरा लगाने के निर्देश भी दिए गए हैं।

शनिवार को जिले के विभिन्न थानों में एक साथ कई स्तर पर बैठक, जागरूकता कार्यक्रम, सतर्कता अभियान आदि का आयोजन किया गया। यह अभियान आने वाले त्योहारों में सुरक्षा और शांति व्यवस्था कायम रखने के उद्देश्य से आयोजित किए गए हैं। इसी के तहत केरेगांव में कोटवारों की बैठक ली गई और हेलमेट जागरूकता बाइक रैली निकाली गई। थाना प्रभारी क्षेत्र के समस्त ग्राम कोटवारों को गणेश चतुर्थी एवं रक्षाबंधन जैसे महत्वपूर्ण त्योहारों में सामाजिक समरसता बनाए रखने, भीड़ नियंत्रण, सूचना आदान-प्रदान एवं कानून व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। थाना से बस स्टैंड तक बाइक रैली निकाली गई। थाना प्रभारी मगरलोड द्वारा व्यापारी संघ की बैठक लेकर बाजार क्षेत्र में त्योहारों के दौरान सुरक्षा, पार्किंग व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरा उपयोग, नकली नोटों से सतर्कता तथा भीड़भाड़ वाले स्थानों पर विशेष निगरानी बनाए रखने के निर्देश दिए गए। व्यापारियों से अपील की गई कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत थाना को दें। थाना प्रभारी भखारा द्वारा क्षेत्र के कबाड़ी व्यवसायियों की बैठक लेकर उनसे यह अपेक्षा की गई कि वे अपने प्रतिष्ठानों में सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य रूप से लगाएं। सामग्री क्रय-विक्रय का पूरा रिकॉर्ड रखें एवं अज्ञात व्यक्तियों से लेन-देन से पूर्व उनकी पहचान सुनिश्चित करें।





मेथी भाजी, खेखसी 200 रूपए किलो, सेमी, प्याज भाजी, पालक 100 रूपए रहा

# हरी सब्जियों के बढ़े हुए भाव से रसोई का बजट बढ़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

अमूमन बारिश के दिनों में हरी सब्जियों के भाव सामान्य रहते हैं लेकिन इस बार ऐसा नहीं है। दाम आसमान पर होने से आम उपभोक्ता परेशान हैं, वहीं रसोई का बजट बिगड़ गया है। मनपसंद और मौसमी सब्जियां इस बार शतक लगाने के क्रम पर हैं। महंगे दामों की वजह से गरीब व मध्यमवर्गीय परिवारों से दूर है। बाजार में चहल-पहल काफी है लेकिन ग्राहकी कमजोर है। लोग भाव पूछकर आगे बढ़ रहे हैं।

रविवार को शहर के इतवारी बाजार में शाम 4 बजे लोगों की काफी भीड़ नजर आई। सब्जियों की महंगे दाम उन्हें रास नहीं आई। अंत में सस्ती सब्जियां ही खरीदना पड़ा। सब्जी विक्रेता सगुनराम सोनकर, लीलाबाई पटेल ने बताया कि रविवार को मेथी भाजी, खेखसी 200 रूपए किलो बिका। प्याज भाजी, पालक, सेमी 100 रूपए किलो रहा। धनिया, ढेंस, शिमला मिर्च 80 रूपए किलो रहा। बरबटी, ग्वारफली, परवल, गोभी, मुनगा, मिर्च, कोर्च, लालभाजी 60 रूपए किलो बिका। करेला, टमाटर, तोराई, कटहल 50 रूपए किलो बिका। बरसात की नई फसल सिंघी भटा 80 से 100 रूपए किलो बिका। भटा, कुंदरू, भिंडी, केला, डोड़का 40 रूपए किलो बिकी। सब्जी व्यवसायियों ने बताया कि बारिश की फसल का उत्पादन अभी बाजार नहीं पहुंचा है। मौजूदा सब्जियां बाहर से आ रही है। लोकल बाड़ियों से बंपर उत्पादन होने पर रेट सस्ता हो सकता है।



### आलू 20, प्याज 25 रूपए किलो बिका



किराना सामानों में आलू अभी भी 20 से 22 रूपए किलो बिक रही है जो ग्राहकों की पहली पसंद है। प्याज की आवक अच्छी होने से 25 रूपए प्रति किलो पर टिका हुआ है। किराना व्यापारी देवकुमार रामजी भाई ने बताया कि शक्कर 46, गुड 55, हल्दी खड़ी 180-200, मिर्च खड़ी 170-250, धनिया 100-1120, जीरा 260, काली मिर्च 820, लहसून 100-120, रिफाइंड तेल पाउच 125, सरसों 75, मेथी 75, राहर दाल 80-110, मूंग दाल 100, उड़द दाल 100, मसूर दाल 85, चना देशी 70, काबुली चना 110-140, मटर सफेद 60, मटर हरा 100, चना दाल 90, पोहा 45, मसूर खड़ा 80 रूपए किलो बिकी। अंडा 65 रूपए दर्जन रहा।


हरिभूमि
पाठक सूचना
धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768 9098324969

खबर संक्षेप



## सिहावा में जलाभिषेक के लिए आज कांवड़ यात्रा

**दुधावा।** सरोना तहसील अंतर्गत श्री भीमा महादेव सेवा समिति ग्राम बरकई, दक्षश्वेर महादेव धनोरा, दक्षेश्वर महादेव दुधावाा, साल्हेटोला, सारवंडी एवं दलदली के तत्वाधान में 04 अगस्त सोमवार को कांवड़ यात्रा का आयोजन रखा गया है। बरकई के शिवभक्त कांवड़ लेकर महानदी के उद्गम स्थल सिहावा से जल लेकर जलाभिषेक भीमा महादेव बरकई एवं दक्षश्वेर महादेव धनोरा और दक्षश्वेरर महादेव दुधावा में करेंगे। विगत सात वर्ष की भांति इस वर्ष भी विशाल कांवड़ यात्रा का आयोजन रखा गया है। इस कांवड़ यात्रा पर लगभग हजारों की संख्या शिवभक्त सम्मिलित होंगे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने शिवभक्त जुटे हुए हैं।

## दुर्गूकोंदल-दमकसा मार्ग पर पीचिंग कार्य प्रारंभ

**दुर्गुकोंदल।** दुर्गुकोंदल ब्लाक में खराब सड़को से लोग काफी परेशान हैं। दमकसा से दुर्गुकोंदल मुख्य मार्ग में सैकडो.के संख्या में गड्डे हो गए है, जिसे मिडिया के माध्यम से ब्लाक कांग्रेस कमेटी द्वारा शासन प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा था कि खराब सड़क को जल्द बनाए अन्यथा कांग्रेस क्षेत्र के ग्रामीणों के साथ मिलकर चक्का जाम व धरना प्रदर्शन में बैठ जाएगा, जिसे मिडिया ने प्रमुखता से प्रकाशित किया और दो दिनों के भीतर पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा संज्ञान में लेकर दुर्गुकोंदल से दमकसा मार्ग के खराब सड़क पर पेंचिंग कार्य प्रारंभ कर दिया है।

## पीएमश्री नरहरपुर में रविवार को उपचारात्मक कक्षाएं जारी

**नरहरपुर।** पीएमश्री सेजेस नरहरपुर विद्यालय में विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। विद्यालय से कक्षा दसवीं की छात्रा तेजस्वी सोम का चयन राज्य स्तर पर खेल के लिए हुआ है और साथ ही बाल संसद का गठन किया गया है। विद्यालय में हर रविवार को उपचारात्मक कक्षाओं का संचालन किया जा रहा है, जिससे बोर्ड परीक्षाओं में बेहतर परिणाम \ आ सके।

## निधन

### शरद पटेल



**धमतरी।** आमापारा धमतरी निवासी रामा पटेल के पुत्र शरद पटेल 41 वर्ष का बीती रात को स्वर्गवास हो गया है। वे माही, पूर्वांश, गणेश के पिता व परस पटेल, दिलीप पटेल के चचेरे भाई थे। उनकी अंतिम 3 अगस्त रविवार को प्रातः 10.30 बजे निवास आमापारा धमतरी से शांति घाट के लिए निकली। शांतिघाट में उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनकी अंतिम यात्रा में परिवार सहित मोहल्ले के लोग एवं सामाजिकजन शामिल हुए।

ऐसा लगा जैसे अपनी सगी बहनें हमारे साथ है : मेजर दिनकर प्रसाद चतुर्वेदी

# नक्सल मोर्चे पर तैनात जवानों के कलाइयों पर साहू समाज की बहनों नें बांधा रक्षासूत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



नक्सल प्रभावित बिन्द्रानवागढ़ के घने जंगलों में तैनात सीआरपीएफ जवानों के लिए यह दिन यादगार बन गया, जब जिला साहू संघ धमतरी की बहनें सामाजिक सद्भावना और समरसता को बढ़ावा देते हुए रक्षासूत्र बांधने C65 CRPF कैंप पहुंचीं। भाई-बहन के गीतों से माहौल भावुक हो गया और सभी जवानों की कलाइयों में रक्षा-सूत्र बंधते ही एक पल को उन्हें घर की कमी महसूस नहीं हुई।

मेजर दिनकर प्रसाद चतुर्वेदी ने कहा हम नक्सल मोर्चे पर तैनात होकर घर से दूर रहते हैं। आज जब साहू समाज की बहनें यहां पहुंचीं और राखी बांधी, तो एक पल को ऐसा लगा जैसे अपनी सगी बहनें हमारे साथ हैं। और जब घर जैसा पकवान अरसा, खुरमी, ठेठरी खाया, तो मानो दिल भर आया।

एसआई गुनेश्वरी नरेटी ने भावुक होकर कहा आज साहू समाज की बहनों ने जो स्नेह और अपनापन दिया, उससे कैंप में उत्साह और उमंग की नई ऊर्जा दौड़ पड़ी है। महीनों बाद कोई ऐसा दिन आया जो दिल को छू गया।

जिलाध्यक्ष अवनेंद्र साहू ने कहा कि प्रदेश में साहू समाज की जिम्मेदारी भी बड़ी है और हमने यही प्रयास किया कि हमारे जवान भाइयों को इस पावन दिन अकेलापन महसूस न हो। हमारे समाज की बहनें रक्षाबंधन पर उनके साथ खड़ी थीं, यही हमारे सामाजिक कर्तव्य का निर्वहन है। वे नक्सल मोर्चे में तैनात जवानों और उनके परिवार वालों के दीर्घायु जीवन कामना करते हैं।

जिला उपाध्यक्ष केकती साहू ने कहा देश सेवा में तैनात जवानों को यह पर्व एक नई प्रेरणा देगा। वो अपने घरों से दूर रहकर नक्सल मोर्चे पर कार्य करते हैं और हमने उनके लिए एक पारिवारिक वातावरण देने का छोटा प्रयास किया।

इस अवसर पर निरीक्षक शंकर सिंह, निरीक्षक दलजीत सिंह, इंद्रलाल कचेर, एमडीएम रहमान, शुभम कुमार, नवघणे विठ्ठल, सुरेंद्र युवाने, रामकुमार कुशवाहा, संदीप, सुनील कुमार प्रधान, साजी कुमार पी, अनिल कुमार, एम. विष्णू, सुनील कुमार नेताम आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

साहू समाज से चन्द्रकला साहू, सुशीला साहू, देहुती साहू, मंजूषा साहू, भुनेश्वरी साहू, परमिला साहू, विजय लक्ष्मी साहू, लता साहू, यशोदा साहू, सत्यवती साहू, दीपेश्वरी साहू, जिला उपाध्यक्ष तोरण साहू, भीषम साहू, जिला मीडिया प्रभारी उपेंद्र साहू शामिल हुए।

# पुलिस परिवार ने रुद्राभिषेक कर किया प्रसाद वितरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

सावन का महीना हिन्दू धर्म में अत्यंत पवित्र माना जाता है। इस महीने में भक्त भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए विधि-विधान से पूजा-अर्चना और जलाभिषेक करते हैं। कुरूद थाना पुलिस परिवारों ने भी रविवार को थाना परिसर में स्थित शिव मंदिर में विधिवत रुद्राभिषेक का आयोजन कर प्रसाद वितरण किया। इस दौरान महराज संतु मिश्रा ने बताया कि सावन का महीना भगवान शिव को अत्यंत प्रिय है। महादेव को रुद्राभिषेक अत्यंत प्रिय है। भगवान शिव रुद्राभिषेक करने वाले भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं। पुलिस परिवारों के द्वारा रुद्राभिषेक पश्चात प्रसादी वितरण किया गया।

इस अवसर पर कुरूद थाना प्रभारी राजेश जगत, सउनि अजय बनारसी, सुरेशनंद, कमीलचंद सोरी, प्रधान आरक्षक शेषनारायण पाण्डेय, जयप्रकाश कन्नौजे, डैनी मंडावी, रामसेवक बमबोडे, आरक्षक संदीप पाण्डेय, लुकेश सिन्हा, मानक साहू, गोपाल चंद्राकर, संतोष ध्रुव, संतोष यादव, शिवचरण कुर्रे, डेनेश्वर टंडन, अश्वनी गायकवाड़, हेमंत, गंहेश्वर, ओमनारायण सोनवानी समेत पुलिस परिवार की महिलाएं स्वाति पाण्डेय, श्वेता चंद्राकर, कल्पना टंडन , नगीना कुर्रे, शिप्रा कन्नौजे, प्रियंका पाण्डेय, ख़ेमेश्वरी बनारसी, लीना चंद्राकर, कामिनी सिंहा, टिनेश्वरि ध्रुव, रोशनी बंजारे सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

कुरुद के तीन नेताओं को मिला भाजपा उत्कृष्ट सदस्यता सम्मान का गौरव

# भाजपा ने विधायक चंद्राकर को दिया सदस्यता रत्न सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

भाजपा सदस्यता अभियान में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले धमतरी जिला के पांच नेताओं को मुख्यमंत्री निवास में भाजपा उत्कृष्ट सदस्यता सम्मान से सम्मानित किया गया। जिनमें कुरुद विधायक अजय चन्द्राकर, मंडल अध्यक्ष कृष्णकांत साहू, सिर्री मंडल प्रभारी भानु चन्द्राकर शामिल हैं।

नवा रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास परिसर में भाजपा के उत्कृष्ट सदस्यता सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें प्रदेश के 242 भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं को भाजपा उत्कृष्ट सदस्यता सम्मान से सम्मानित किया गया। जिसमें कुरुद से अजय चंद्राकर, कृष्णकांत साहू, भानु चंद्राकर को यह सम्मान प्राप्त हुआ। बताया गया कि प्रदेश में 6087270 नए भाजपा सदस्य बने, जिनमें 242 नेताओं का विशेष योगदान रहा। इन लोगों ने संगठनात्मक मेहनत से भाजपा को मजबूत किया और पार्टी के राष्ट्रवाद, संगठनवाद और सुशासन के संकल्प को जन-जन तक पहुँचाने में अहम भूमिका निभाई है।



कार्यक्रम के उपरांत विधायक अजय चंद्राकर ने इसे कार्यकर्ताओं की समर्पित मेहनत और संगठन के प्रति अटूट निष्ठा का प्रतिफल बताया। उन्होंने कुरूद विस के समस्त पदाधिकारियों, महिला मोर्चा, युवा मोर्चा, बूथ कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों का हृदय से आभार प्रकट किया है।

### अजय ने बनाये थे 13000 से अधिक भाजपा सदस्य

ज्ञात हो कि उत्कृष्ट कार्यकर्ता सम्मान समारोह में भाजपा कार्यकर्ताओं को अलग-अलग स्तर पर सदस्यता सम्मान से सम्मानित किया गया। भाजपा प्राथमिक सदस्यता अभियान में 20000 से अधिक सदस्यता दिलाने वालों को सदस्यता भूषण सम्मान, 10000 से अधिक वालों को सदस्यता रत्न सम्मान, 3000 से अधिक वालों को सदस्यता श्री सम्मान और 1000 को सदस्यता दीप सम्मान से सम्मानित किया गया। कुरुद विधायक श्री चन्द्राकर 13 हजार से अधिक नये सदस्य बनाकर प्रदेश में अव्वल रहे हैं। इस उपलब्धि के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव सिंह, महामंत्री अजय जामवाल, वरिष्ठ नेता पवन साय ने सदस्यता रत्न सम्मान के रूप में प्रशस्ति पत्र व प्रतीक चिह्न भेंट कर सम्मानित किया।

# गोस्वामी तुलसीदास जयंती पर 71 मानस प्रेमी बने आजीवन सदस्य



- शक्ति केंद्र खैरा के ग्राम सिंधौरीखुर्द में आयोजित हुआ कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

मानस शक्ति केंद्र खैरा के 14 गांव का आध्यात्मिक संगठन नेतृत्व में गोस्वामी तुलसीदास जी का जन्मोत्सव ग्राम सिंधौरीखुर्द में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्रीरामचंद्र के छायाचित्र एवं तुलसीदास जी के छायाचित्र का पूजन वंदन कर पंडित श्रीकांत मिश्रा के मंत्र उच्चारण से विद्या देवी शारदा महिला मण्डली द्वारा मंगलाचरण से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज मानस संघ धमतरी छग के अध्यक्ष अर्जुनपुरी गोस्वामी सलाहकार शिवदयाल साहू प्रचार मंत्री फलेश साहू सरपंच श्रीमती रीना हीरा यादव सेवानिवृत प्राचार्य अधीन राम साहू ग्राम प्रमुख हेमराज साहू भारत साहू वरिष्ठ नागरिक रवि कौशल संरक्षक खूबलाल साहू, कोदूराम चन्दाकर सलाहकार चम्पा लाल साहू, महेंद्र कुमार साहू ने सभा को संबोधित किया।

इस अवसर पर मानस शक्ति केंद्र में 1000 रुपए जमा कर कुल 71 मानस प्रेमियों ने आजीवन सदस्यता ग्रहण किया जिन्हें श्रीफल, राम पटका भेंटकर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात अवध राम साहू, युवराज सिन्हा, मानस मंडली खैरा, मानस मंडली डांडेसरा, जय महामाया मानस परिवार साराडीह (महासमुंद), भूमिजा महिला मंडली रायपुर की प्रस्तुति हुई।

# सिंधौरीकला में गणित एवं विज्ञान क्लब का गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶डांडेसरा(धमतरी)

हायर सेकेंडरी स्कूल सिंधौरीकला में शिक्षा सत्र 2025-26 के लिए मिशन फॉर लाइफ क्लब (छात्र संघ) गणित एवं विज्ञान क्लब का गठन किया गया। अध्यक्ष पद पर कक्षा 11वीं के छात्र समीर मंडावी, उपाध्यक्ष मानसू प्रजापति, सचिव मीनू ध्रुव, सहसचिव मीनाक्षी यादव, क्रीड़ा सचिव पंकज साहू, क्रीडा सहसचिव डूगेश सिंह साहू, पर्यावरण मंत्री आरती साहू, पर्यावरण सहसचिव ओमेश्वरी यादव, स्वास्थ्य मंत्री चांदनी साहू, स्वास्थ्य सहसचिव तृप्ति ध्रुव, सांस्कृतिक मंत्री यामिनी साहू, सांस्कृतिक सहसचिव प्रज्ञा साहू, अनुशासन मंत्री परमेश्वरी साहू, अनुशासन सहसचिव तृप्ति निर्मलकर एवं कक्षा नायक 9वी पीयूष, उप कक्षा नायक नवमी रोशनी यादव, कक्षा नायक दसवीं चुकेश्वर, उप कक्षा नायक दसवीं तृषा, कक्षा नायक 11वीं तेजस्वी साहू, उप कक्षा नायक ग्यारहवीं चौमेंद्र, कक्षा नायक 12वीं भावना साहू, उप कक्षा नायक गीतेश साहू जैसे चयनित पदाधिकारी को बैच प्रदान किया गया एवं श्री वर्मा द्वारा शपथ दिलाई गई।



कार्यक्रम में प्राचार्य रिखीराम साहू, वरिष्ठ व्याख्याता दीनानाथ साहू, सतीशचंद्र मिश्रा, पीआर चंद्राकर, ओमकुमार पांडे, बीएल सिन्हा, जयलाल साहू, मुकेश साहू, सोमनाथ ध्रुव, श्रीमती कविता सहारे, श्रीमती सुधा साहू, श्रीमती गायत्री साहू, सुश्री हेमनंदनी नागवंशी, एवं समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

# प्रार्थना को संगीतमय बनाने आदिवासी पालकों ने दिये वाद्य यंत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

स्कूल की शुरुआत यदि वाद्य यंत्र, गीत संगीत से हो तो निश्चित ही विद्यालय का वातावरण मन को प्रसन्न करने वाला बन जाता है। इसी बात को ध्यान में रखकर सेजेस सिंगपुर में एक अभिनव नवाचारी प्रयास किया गया है। इस विद्यालय में छः दिन अलग अलग, प्रेरणादायी, आह्वान, भजन एवम आत्मविश्वास बढ़ाने वाले भजनों के साथ प्रार्थना की जाती है। खास बात यह है कि किस दिन कौन शिक्षक प्रार्थना सम्पन्न कराएंगे इसकी ड्यूटी एक माह पहले से लगा दी जाती है। शिक्षक अपनी बारी के दिन प्रार्थना को अपनी दृष्टि से और भी रोचक बना लेते है। वाद्य यंत्रों को विद्यालय के शिक्षक एवम बच्चे ही बजाते हैं। संगीत के जानकार व्याख्याता द्वय राधेश्याम एवम कल्याण कौशल ने पूरे बच्चों को गानों का बार बार अभ्यास कराया है जिससे यहाँ की प्रार्थना बहुत ही व्यवस्थित एवम मन को प्रसन्न करने वाली है।



सिंगपुर तथा आसपास के पालकों को जब विद्यालय के प्रार्थना की प्रशंसा सुनने को मिली तो वे अपने को रोक नहीं पाए। वे विद्यालय जाकर प्रार्थना में शामिल हुए। वाद्य यंत्रों का मुआयना किया। शिक्षकों से बातचीत कर जरूरत के बारे में पूछा। जरूरत के बारे में तो शिक्षकों ने कुछ नहीं कहा लेकिन पालकों ने स्वयं अवलोकन कर प्रार्थना के लिये विद्यालय की आवश्यकताओं का चिह्नांकन कर मंजीरा, खँजड़ी, माइक स्टैंड इत्यादि विद्यालय को भेंट की। जिन पालकों ने संगीत सामग्री विद्यालय को भेंट की है उनमें पूनम कुमार नेताम, खुमान सिंह मरकाम कसावाही के नाम विशेष उल्लेखनीय है। विद्यालय के शिक्षकों ने पालकों के इस पहल की भूरि भूरि प्रशंसा की है। विद्यालय के प्राचार्य डॉ व्हीपी चन्द्रा ने पालकों के पहल को सराहनीय एवम अनुकरणीय बताते हुए प्रार्थना को और भी रोचक बनाने का संकल्प लिया है। विद्यालय को वाद्य यंत्र एवं संगीत सामग्री भेंट किये जाने के अवसर पर ग्राम पंचायत सिंगपुर की उप सरपंच ज्योति तिवारी, सफीना बानो, पार्वती कौशल, कमलेश्वरी ध्रुव, केकराखोली से कनस ध्रुव एवम सरईभदर से ईश्वर चंद ध्रुव विशेष रूप से उपस्थित थे। पालकों के प्रार्थना में शामिल होने से बच्चों में भी उत्साह का संचार हुआ है। आने वाले दिनों में निश्चित ही इस नवाचारी प्रयास का परिणाम सुखद मिलने वाला है।

कर्णेश्वर धाम के भंडारे में शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय ने किया सहयोग

# समाजसेवा किसी भी शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य : मनदीप

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी के रासेयो कार्यक्रम अधिकारी प्रो. राजाराम मेहरा एवं सहा. कार्यक्रम अधिकारी डॉ. दीपा देवांगन एवं स्वयंसेवकों ने कर्णेश्वर धाम में आयोजित विशाल भंडारा में पहुँचकर सेवा कार्य में सहभागिता निभाई।

महाविद्यालय के सभी विभागों वाणिज्य, विज्ञान, कला के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सेवा कार्य में भाग लिया और अपनी निस्वार्थ सेवा भावना का परिचय दिया। भंडारे में विद्यार्थियों ने श्रद्धालुओं के लिए भोजन परोसने, जलपान वितरण, पंक्तिबद्ध व्यवस्था बनाए रखने और परिसर की स्वच्छता में सहयोग किया। हर छात्र ने अपने स्तर पर सेवा को प्राथमिकता दी और पूरी श्रद्धा एवं अनुशासन के साथ कार्य किया। प्राध्यापकगण भी उपस्थित रहे, जिन्होंने विद्यार्थियों के साथ खड़े होकर उन्हें प्रोत्साहित किया और सेवा कार्य की महत्ता समझाई।



प्राचार्य डा. मनदीप खालसा ने अपने संदेश में कहा- समाजसेवा किसी भी शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य है। जब विद्यार्थी पढ़ाई के साथ–साथ समाज के लिए भी कार्य करते हैं, तब उनका व्यक्तित्व और अधिक सशक्त एवं पूर्ण बनता है। हमें गर्व है कि हमारे विद्यार्थी इस प्रकार के आयोजनों में सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं। कार्यक्रम में प्रो. कौशल नायक, अतिथि व्याख्याता डॉ. ममता सौरज, डॉ. संध्या रजनी मिश्रा, श्रीमती उर्वशी साहू, प्रमोद चौरे, सुश्री नेहा राजन, सुश्री डिलेश्वरी पटेल व कार्यालयीन स्टाफ उपस्थित रहे।



इस कार्यक्रम में 60 स्वयंसेवकों सेवा का कार्य किया। भंडारे में सेवा देने पहुँचे विद्यार्थियों ने भी अपने अनुभव साझा किए। इस तरह के कार्य हमें सिखाते हैं कि जीवन का सच्चा आनंद दूसरों की मदद में है।

कर्णेश्वर धाम समिति ने महाविद्यालय परिवार का हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए कहा कि युवाओं की भागीदारी से भंडारे का कार्य और अधिक व्यवस्थित एवं प्रेरणादायी बनता है। आभार प्रदर्शन राजेशनाथ गोसाई ने किया। अंत में शैलेन्द्र धेनुसेवक, निखिल साहू, आतिश देवांगन कार्यक्रम अधिकारी प्रो. आरआर मेहरा एवं सहा. कार्यक्रम अधिकारी डॉ.दीपा देवांगन को श्रीफल देकर सम्मानित किया गया।

# सरस्वती शिशु मंदिर मड़ईभाठा में गोस्वामी जी की जयंती मनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोर्रा(भखारा)

सरस्वती शिशु मंदिर मड़ईभाठा में श्री रामचरित मानस के रचनाकार गोस्वामी तुलसी दास की जयंती बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जोहतराम साहू, बालाजी मानस परिवार के व्याख्याकार व विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती थानेश्वरी साहू, चित्ररेखा साहू एवं रश्मि ग़नीर उपस्थित थे।

जोहतराम साहू ने गोस्वामी तुलसी दास जी की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर के छात्र संस्कार के धनी होते हैं। अतिथि के द्वारा दोहा, चौपाई का वर्णन किया गया। साथ ही थानेश्वरी साहू ने मेरी झोपड़ी के राम आएंगे गीत से बच्चों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का संचालन कक्षा दशम की छात्रा ट्विंकल साहू ने किया। आभार प्राचार्य श्रीमती चंपादेवी साहू ने किया। आचार्य गिरीश पवार, जितेंद्र साहू, अमन राव, अंगेश सेन, तोरण निर्मलकर, राजकुमार निर्मलकर, भगवती पवार, रेणुका साहू, चंद्रकला साहू, नेहा गायकवाड़, नेमीन साहू, डिम्पल यदु, धनेश्वरी साहू, रितु साहू, आया श्रीमती डेमिन साहू, महेश्वरी साहू उपस्थित थे।



## खबर संक्षेप



### तुलसी अलंकरण से अजय को किया गया सम्मानित

**कांकेर।** महाकवि संत गोस्वामी तुलसीदास की पुण्यतिथि के अवसर पर गोविंदपुर में समाजसेवी अजय पप्पू मोटवानी को तुलसी अलंकरण सम्मानित किया गया। उन्होने डेढ़ सौ से अधिक लावारिस लाशों का अंतिम संस्कार बिना किसी से आर्थिक मदद लिए विधि विधान से किया गया। बबलू साहू को रक्तदान करने एवं अनुराग उपाध्याय को पत्रकारिता संबंधी सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर तुलसी मानस प्रतिष्ठान के अध्यक्ष केआर गजबल्ला एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### हुलड़बाजी के आरोप में दो युवक हुआ गिरफ्तार



**कांकेर।** थाना कांकेर पुलिस द्वारा लगातार नागरिकों से संपर्क स्थापित कर शहर में गस्त कर रही है। दसी दौरान 3 अगस्त को पुलिस को जानकारी मिला कि पंडरीपानी के सार्वजनिक मंच के पास कुछ लोग गांजा एवं दारू पीकर लड़ाई झगड़ा करते है, जिससे मोहल्ले वालों को परेशानी होती है। पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी एमजी वार्ड कांकेर निवासी 21 वर्षीय मनोज सहारे पिता स्व.गोपाल और गोविंदपुर निवासी 30 वर्षीय विजय मुंडा पिता स्व. गोमाराम मुंडा को घेराबंदी कर हिरासत में लिया गया। मौके से थाना आकर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही धारा-170 बीएनएसएस, 126 (2), 135(3) बीएनएसएस का इस्तगाशा तैयार कर एसडीएम न्यायालय पेश किया गया।

### दो दिवसीय मानस महोत्सव आज से

**हाटकोंगेरा।** सावन के अंतिम सोमवार से दो दिवसीय मानस गान सम्मलेन का आयोजन 4 और 5 अगस्त माकड़ी खूना में किया जा रहा है। मानस गान में मानस बस्तरिया मानस मंडली कोदगांव कांकेर, भूमिजा महिला मानस मंडली गुड़यारी रायपुर, जय गुरुदेव संकीर्तन मंडली फिंगेश्वरी छुरा गरियाबंद, द्वितीय दिवस में माधुर्य प्रचार समिति पोटियाडीही धमतरी, श्री रामसिय मानस पथिक कोटगांव कुरुद, ममतामयी महिला मानस मंडली अरौद धमतरी, जय सिद्धेश्वर मानस मंडली देवर तिल्दा बलौदाबाजार की प्रस्तुति होंगी।

### जंगल को बढ़ाने किया पौधरोपण

**बस्तर।** ग्राम पंचायत सोर गांव में सीएफआरएमसी सदस्य ग्रामीणों से बस्तर सेवक मंडल प्रदान संस्था से सहयोग से सामुदायिक वन पेच में वन सीएफआरएमसी समिति ने नर्सरी तैयारी करके जल जंगल जमीन को सुरक्षा संरक्षण और प्रबंधन करके जंगल को बढ़ाने एवं घना करने पर खाली जगह पर 5000 फलदार पौधा रोपण किया गया जिसमें निम्न प्रकार से काजू इमली मंगा महुआ अर्जुन आदि जानकारी बताए जिसमें हमें सीएफआरआर मिला है तो हम अपने तरीके से जंगल को पूरे ग्राम वासी बचाने की कोशिश करेंगे।

एक दिवसीय प्रवचन, दर्शन, मार्गदर्शन एवं दीक्षा कार्यक्रम भखारा में संपन्न

# हमारा मन, हमारे शरीर रूपी रथ का सारथी : जगद्गुरू रामानंदाचार्य नरेन्द्राचार्य





हरिभूमि न्यूज ⏩ धमतरी

जगद्गुरु रामानंदाचार्य नरेंद्राचार्य छत्तीसगढ़ प्रवास पर हैं। जगद्गुरु श्री का रविवार को भखारा में प्रवचन, सत्संग और दीक्षा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर जगद्गुरु नरेंद्राचार्य ने कहा कि मन को अध्यात्मवादी, दृष्टि को विज्ञानवादी और बुद्धि को वास्तविकवादी रखना चाहिए। यदि इस विचारधारा से मनुष्य जीने की कोशिश करे तो उसके हाथों से सदा सत्कर्म होंगे और उससे कभी गलतियां नहीं होंगी। प्रत्येक मनुष्य के हृदय में मोक्ष पाने की मनसा छिपी होती है, पर इस कलयुग में आज मनुष्य अपने निजी जीवन के समस्याओं में उलझकर मोक्ष के तरफ उसकी आकांक्षा होते हुए भी उस तरह ध्यान नहीं दे पाता, और स्वाभाविक रूप से यदि इतने समस्यों के उलझनों में मनुष्य दबा हुआ हो तो वह जीवन के सम्पूर्ण समय को उन उलझनों में व्यतीत करता है। मनुष्य किस तरह अपने समस्याओं से स्वयं बाहर आकर एक सुखद जीवन जीते हुए मोक्ष की राह पर चले इस हेतु से जगद्गुरु श्री स्वयं प्रत्येक लोगों के व्यक्तिगत रूप से उनकी समस्याओं को सुना और उन्हें मार्गदर्शन दिया। जगद्गुरु आध्यात्म विज्ञान व्यवहार के शास्त्र अनुसार समस्या से बाहर आने के लिए सभी को मार्गदर्शन किया। कुछ लोग अपनी समस्याओं को दूर करने के लिए अंधश्रद्धा के मार्गो पर चलकर जीवन को और दुःख और दरिद्रता से भरते हैं, इसलिए उन्हें अंधश्रद्धा से मुक्त करने के लिए सही मार्ग प्रदर्शन प्रदान किया।

उन्होंने सम्पूर्ण जनमानस को अनादि काल से चली आ रही अनमोल भक्ति का महत्व समझाते हुए कहा कि आज मनुष्य के अंतरमन और बहिरमन एकाग्र नहीं होने की वजह से मनुष्य स्वयं को दुःख से घिरा हुआ पाता है। मनुष्य के मन का स्वाभाविक गुण है चंचल होना यानी एकाग्र न होना। इसका चंचल गुण बार-बार हमें हमारे लक्ष्यों से विमुख करता रहता है। मनुष्य का मन उसको भावनाओं और कामनाओं के जाल में बांधकर भांति-भांति के कार्य करवाता है। हमारा मन हमारे शरीर रूपी रथ का सारथी होता है। इसका जिस ओर मन करता है वह उधर ही इसको ले जाता है। इसमें प्रायः गलत राह भी पकड़ ली जाती है। इसलिए अंतरमन और बहिरमन को एकाग्र करना बहुत आवश्यक है।

हमे प्रपंच के साथ साथ परमार्थ भी करना चाहिए इसलिए जगद्गुरु श्री ने प्रपंच अच्छे से जीते हुए परमार्थ जीवन भी अच्छे से जीने हेतु तीन सरल बातों का आव्हान किया पहला कि दिन में किसी भी समय कम से कम 10 मिनट एकाग्रता से अपने प्रिय इष्टदेव जो आपको प्रिय हो उनकी भक्ति करे। दूसरा कि सपने में भी किसी का बुरा मत सोचो। और तीसरा कि तुम जियो और दुसरों को जीवन दो। अगर यह तीन बातों को कोई भी जीवन में अपनाकर जीवन शैली बना ले तो उसका प्रपंच भी संतुलित रहेगा और उसके हाथों से परमार्थ भी हो जायेगा।

जगद्गुरु श्री द्वारा अब तक एक लाख अड़सठ हजार से भी ज्यादा परिवारों को घर वापसी के माध्यम से स्वधर्म में लौटाया गया है। साथ ही जगद्गुरु श्री के प्रेरणा से अब तक कुल 128 देहदान एवं 43 अंगदान किए जा चुके हैं और यह महान सेवाकार्य अनवरत चल रहा है।

समारोह में हजारों भक्तों ने मार्गदर्शन, दर्शन एवं दीक्षा लिया। समारोह में आकर छत्तीसगढ़ के समस्त संत महंत ने आशीर्वाद ग्रहण किया । अतिथि के रूप में स्वरुप संप्रदाय छत्तीसगढ़ के छत्तीसगढ़ पीठ प्रमुख घनश्याम माहेश्वरी, समस्त पीठ कमेटी सदस्य, समस्त पदाधिकारी, सच्चिदानंद उपासने, दीपक लखोटिया, दीपक ठाकुर, मोहनीश पद्मवार, विजय रकटाटे, राजकुमार पवार, राजाराम पंसारी, हर्ष चंद्राकर, ज्ञानेश्वर साहू, सौरभ सोनी, शांतनु सोनी, रमा महासिंह साहू, भारती होलकर, राजश्री रणसिंह, किरण रकटाटे, प्रफुल्ल तिवारी एवं भक्तगण उपस्थित थे।

# मंडल सेक्टर कमेटी पुनर्गठन के लिए शहर कांग्रेस 02 की संगठनात्मक बैठक





■ सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ कांग्रेस की आवाज तभी प्रभावशाली होगी जब हमारे कार्यकर्ता सक्रिय रहेंगे : नीशू

हरिभूमि न्यूज ⏩ धमतरी

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के दिशा-निर्देशों के तहत संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त और सक्रिय बनाने की रणनीति को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी के मार्गदर्शन में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी शहर 02 द्वारा राजीव भवन में एक अहम बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में मुख्य रूप से मंडल, सेक्टर कमेटी पुनर्गठन प्रभारी, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष नीशू चंद्राकर, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहन लालवानी, पूर्व दुग्ध महासंघ अध्यक्ष विपिन साहू, जिला महामंत्री आलोक जाधव सहित वरिष्ठ कांग्रेस पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य शहर कांग्रेस 02 में मंडल एवं सेक्टर कमेटियों का शीघ्र गठन कर संगठन की पकड़ को जमीनी स्तर तक मजबूत करना था। नीशू चंद्राकर ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि आज कांग्रेस को संगठनात्मक रूप से और अधिक मजबूत बनाने की जरूरत है। भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ कांग्रेस की आवाज़ तभी प्रभावशाली होगी जब हमारे कार्यकर्ता हर गली, हर पंचायत, हर वार्ड तक संगठित और सक्रिय रहेंगे। मंडल एवं सेक्टर कमेटियों के गठन से यह सुनिश्चित होगा कि संगठन की पकड़ प्रत्येक वार्ड, गांव और बूथ तक हो। आज विष्णु देव साय की सरकार हर मोर्चे पर विफल है। विपक्ष में होने के नाते हमारी जिम्मेदारी है कि हम जनता के बीच सरकार की नाकामियों को उजागर करें। बैठक के दौरान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी शहर 02 के बीस वार्डों को 2 मंडल/जोन एवं 7 सेक्टर में विभाजित कर वार्ड स्तर में बैठक लेकर कमेटी गठन करने का निर्णय लिया गया।

बैठक में ब्लॉक अध्यक्ष योगेश शर्मा, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष योगेश लाल, नेता प्रतिपक्ष दीपक सोनकर, राजेश ठाकुर, एनएसयूआई जिला अध्यक्ष राजा देवांगन, सेवादल जिला अध्यक्ष होरीलाल साहू, वरिष्ठ कांग्रेस नेता अरविंद दोषी, विजय प्रकाश जैन, नज़ीर अली सिद्धिकी, पार्षद पूर्णिमा रजक, उमा भागी ध्रुव, विक्रांत शर्मा, अंबर चंद्राकर, गौतम वाधवानी, कुशल देवांगन, गुड्डा दीवान, राहुल बख्तानी, रेहान विरानी, दीपक साहू, श्रवण साहू, रामनाथ यादव, तिलक सोनकर, वीरू महाजन, गजानंद रज़क, प्रवीण साहू, घनाराम सोनी, दिनेश रामटेके, मोहन ध्रुव, गीतराम सिन्हा, कुलेश्वर देवांगन सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## हाईस्कूल भवन में संचालित हो रहा है सुविधाविहिन छात्रावास



■ प्राथमिक शाला और बालक छात्रावास में अनहोनी की संभावना

हरिभूमि न्यूज ⏩ धमतरी

ग्राम पंचायत घुटकेल ने बालक छात्रावास भवन तथा जर्जर प्राथमिक स्कूल की मरम्मत कराने की मांग कलेक्टर से की है। शुक्रवार को कलेक्टोरेट पहुंचे सरपंच कुसुमलता समरथ, उपसरपंच संगीता जायसवाल, पंचम अंकालुराम पटेल, पूर्व सरपंच बीजूराम मरकाम, शाला समिति अध्यक्ष दशरथलाल साहू, रामा नेताम ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर कहा है कि नगरी विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत घुटकेल में सन 2006-07 से प्री मेट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास पुराना हाईस्कूल भवन में संचालित हो रहा है। यहां 50 सीट स्वीकृत है, लेकिन भवन के अभाव में 30 से 40 छात्रों को ही रखा जाता है। यह भवन सर्वसुविधायुक्त भी नहीं है। जर्जर भवन में कभी भी अनहोनी हो सकती है। ग्राम पंचायत ने घुटकेल में बालक छात्रावास के लिए राशि स्वीकृत कराने की मांग की है।

### प्राथमिक शाला की मरम्मत की मांग

पंचायत प्रतिनिधियों ने एक अन्य मांग में कहा है कि प्राथमिक शाला घुटकेल का निर्माण 1932 में हुआ है। वर्तमान में स्कूल भवन पूर्णतः जर्जर हो चुका है। बरसात में छत से पानी टपकता है जिससे छात्र-छात्राओं तथा स्कूल स्टाफ को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। पंचायत प्रतिनिधियों ने खपरैल की छत में टिन शेड एवं जमीन पर टाईल्स लगाकर रंग रोगन कराने की जरूरत है।

## रूफटॉप सोलर पैनलों को बढ़ावा दे रही भारत सरकार

**अंवरी।** भारत सरकार रूफटॉप सोलर पैनलों को बढ़ावा दे रही है, जिससे 1 करोड़ घरों को मुफ्त बिजली मिल सके। योजना का लक्ष्य 75,021 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ 2026-27 तक 1 करोड़ घरों में रूफटॉप सोलर पैनल स्थापित करना है। 2 किलोवाट तक की प्रणाली के लिए 60 प्रतिशत और 2 से 3 किलोवाट के बीच की प्रणाली के लिए 40 प्रतिशत की सब्सिडी दी जाएगी, जिसकी सीमा 3 किलोवाट तक है साथ ही राज्य सरकार द्वारा 30000 रूपये सब्सिडी की महत्वपूर्ण घोषणा विष्णुदेव साय द्वारा की गई है। वित्तीय सहायता योजना के तहत 1 किलोवाट प्रणाली के लिए 30,000 रुपये, 2 किलोवाट प्रणाली के लिए 60,000 रुपये और 3 किलोवाट या उससे अधिक प्रणाली के लिए 78,000 रुपये की सब्सिडी दी जायेगी प्रति माह 300 यूनिट तक बिजली की खपत करने वाले घरों को मुफ्त बिजली प्रदान करना है। जिनके पास उपयुक्त छत और वैध बिजली कनेक्शन है, वे इस योजना के लिए पात्र हैं। आवेदन ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है।

## दौड़पंडरी में भोजली जंवारा का हुआ विसर्जन



■ नवई उपवास तिहार गांव में रीति रिवाज से मनाया गया

■ छोटे छोटे लड़कियों ने नवाई भोजली जंवारा विसर्जन किया

हरिभूमि न्यूज ⏩ नगरी

नगरी विकासखण्ड के अंतिम छोर के गांव दौड़पंडरी पानी आज भी पुराने रीति रिवाज नहीं भूले जिसमें नवाई उपवास तिहार गांव में बड़ी रीति रिवाज से मनाया जाता है। जिसमें छोटे छोटे बच्चियों के द्वारा नवाई उपवास करते हैं। हरेली के दिन भोजली बोआई किया गया है नौ दिनों तक विधि विधान से पूजा अर्चना किया जाता है। नवई दिन कन्याओं के द्वारा शाम का घर में भगवान की विधि विधान से पूजा अर्चना करते हैं। एक दूसरे के घर में प्रसाद के रूप में खीर पूड़ी बांटते हैं। दूसरे दिन सभी के घरों से छोटे छोटे बच्चे सिर पर भोजली लेकर चलते हैं और तालाब में विधि विधान से पूजा अर्चना करने के बाद विसर्जन करते हैं। गांव के शीतला मंदिर के पुजारी किशुन राम ओटी के साथ गांव मकतूम राम नेताम श्याम लाल नेताम लक्ष्मण मराई लच्छिन मरकाम, रमेश सभी ने बताया कि यह परंपरा पूर्वजों से चलता आ रहा है। इस अवसर पर वेदकुमारी, उमा मांडवी, मनीषा मंडावी, मुनिया शांडिल, भवानी ओटी, कलेश्वरी, मालती झालेश्वरी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## कब - बुलबुल उत्सव में सहभागिता देने दल रवाना



हरिभूमि न्यूज ⏩ धमतरी

भारत स्काउट एवं गाइड छत्तीसगढ़ राज्य मुख्यालय द्वारा राज्य स्तरीय कब बुलबुल उत्सव व चतुर्थ चरण शिविर का आयोजन 2 से 5 अगस्त तक स्थान नवीन संगीत महाविद्यालय सरकंडा जिला बिलासपुर साइंस कॉलेज मैदान में आयोजित किया गया है। जिसमें धमतरी जिला से प्राथमिक शाला जुनवानी, झिरिया, बाजारकुर्रीडीह, कोलियारी के 36 विद्यार्थी और 3 कब मास्टर सोहन लाल साहू, जीवन लाल साहू, अंगेश कुमार ध्रुव, 1 फ्लॉक लीडर प्रीति शांडिल्य जिला धमतरी का प्रतिनिधित्व करने सम्मिलित हो रहे। सभी प्रतिभागियों को डीईओ देवेश सूर्यवंशी, बीईओ लीलाधर चौधरी, एपीसी नंदकिशोर साहू, बीआरसी ललित सिन्हा, सीएसी मनोज कुमार साहू, डीओसी नेमलाल गंगेले, प्रधान पाठक महेंद्र कुमार ध्रुव ने हरी झंडी दिखा कर बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए शुभकामनाएं दी व दल को रवाना किया।

## गांव सुख समृद्धि हेतु सिहावा में हुआ इतवारी पूजन



हरिभूमि न्यूज ⏩ नगरी

सिहावा के ग्रामवासियों के द्वारा गांव में सुख समृद्धि एवम अच्छी फसल के साथ वर्षा हेतु महानदी के उद्गम स्थल गणेश घाट में हवन पूजन किया गया। प्रारंभ मां महानदी के पूजन के साथ शुरू हुई। इसके बाद हवन पूजन के साथ गांव के देवी देवता का आह्वान किया गया। ग्राम पटेल राजेश यदु ने बताया यह पूजा ग्राम के सुख समृद्धि हेतु होती हैं। इस पूजा में पूरे सिहावा क्षेत्र से सहयोग किया जाता है। इस अवसर देव समिति अध्यक्ष देवब्रत गौतम, नवयुवक मंडल अध्यक्ष संतोष पटेल, बलदेव निषाद, नारायण दास वैष्णव, अंजोर निषाद, विजय निषाद, नारायण पटेल, सुमेरु राम शांडिल्य, नरेंद्र पटेल, मानसिंह पटेल, संतोष पवार, महेश कश्यप, श्रवण कश्यप, अरुण कश्यप, पंचम यादव, जवाहर लाल नाग एवं समस्त क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

## जपं सभापति ने किया कोसमर्रा संकुल में मितानिनों का सम्मान

**अंवरी।** कोसमर्रा संकुल में जनपद सभापति सिन्धु बैस द्वारा मितानिनों को साड़ी भेंटकर सम्मानित किया गया। उन्होंने मितानिनों से कहा कि वे बच्चों और महिलाओं को कुपोषण मुक्त कराएं। बीपी, शुगर, कैंसर, हृदय रोग के बारे में लोगों को जागरूक करें। उन्होंने शासन से मांग की कि सभी आरोग्य मंदिर में एम्बुलेंस की सुविधा उपलब्ध कराई जाए।

## तुलसीदास का रामचरित मानस जीवन का सार है

**नगरी।** सिरसिदा शंकरपारा में नवयुवक बाल रामायण मानस परिवार के तत्वावधान में तुलसीदास की जयंती मनाई गई। तुलसीदास के तैलचित्र की पूजा-अर्चना कर रामचरित मानसगान का आयोजन किया गया। बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ। मुख्य अतिथि प्रेमलता नागवंशी ने कहा कि तुलसीदास का रामचरित मानस जीवन का सार है। रामायण हर घर में रहनी चाहिए। रामचरित मानस की हर गाथा को अमल करना चाहिए।

# जान को जोखिम में डालकर कर रहे खेती, पुल की मांग करते थक चुके हैं किसान

हरिभूमि न्यूज ⏩ नगरी





नगरी विकासखंड के अंतिम छोर पर स्थित ग्राम पंचायत घुरावड़ के किसानों की स्थिति बारिश के दिनों में बेहद चिंताजनक हो जाती है। गांव के पास बहने वाले केंवटीन मुड़ा नाला में आज तक पुल नहीं बन पाया है, जिससे किसानों को नाले के उस पार स्थित लगभग 350 एकड़ खेतों तक पहुंचने में भारी परेशानी उठानी पड़ती है।

किसानों को खेतों में बीज, खाद, हल, ट्रैक्टर और अन्य जरूरी सामान ले जाने के लिए नाला पार करना मजबूरी बन गया है। किसान नाला पार करते हुए कीचड़ में पैर फिसलकर गिरने के कारण कई बार घायल भी हो चुके हैं। लगातार बारिश होने पर स्थिति इतनी खराब हो जाती है कि नाले में बाढ़ आने पर किसान अपने घर नहीं लौट पाते और उन्हें मजबूरन खेतों में ही रात गुजारनी पड़ती है।

आपको बता दें कि केशकाल की पहाड़ियों और जंगलों से जब बारिश का पानी इस नाले में पहुंचता है तब उफनते नाले से किसानों का आनाजाना पूरी तरह से ठप हो जाता है। ग्रामीणों ने समीप में ही लकड़ी से वैकल्पिक पुल बनाकर आवाजाही का इंतजाम किया है, इसी वैकल्पिक पुल से किसान खाद, बीज को अपने सिर और कंधे पर ढोकर पार करने के लिए मजबूर हैं लेकिन यह भी जान जोखिम में डालने जैसा ही है, इससे दुर्घटना की संभावना बनी रहती है।

इस नाले से ट्रैक्टर जब गुजरते हैं तो लोगों को मेले में मौत का कुआं अनायास ही याद आ जाता है। ट्रैक्टर चढ़ाई के समय पलटने का डर बना रहता है जिससे ट्रैक्टर चालकों की भी जान जोखिम में पड़ जाती है। वहीं ग्राम पंचायत घुरावड़ के आश्रित ग्राम अमालीपारा में स्थित अमाली नाला का भी हाल बेहाल है। घुरावड़ और अमालीपारा को जोड़ने वाला एकमात्र मार्ग पर आज पर्यंत तक पुल का निर्माण नही हो पाया है, आपको बता दें कि लगभग 400 की आबादी वाले इस गांव में प्राथमिक विद्यालय है। आगे की पढ़ाई के लिए बच्चों को घुरावड़ जाना पड़ता है लेकिन बीच में यह अमाली नाला स्थित होने के कारण बारिश के दिनों में स्थिति अत्यधिक खराब हो जाती है।

बच्चें इस नाले पर बने कच्चे रास्ते से आने जाने के लिए मजबूर हैं। इस कच्चे रास्ते का भी कोई भरोसा नहीं है, यह डर हमेशा बना रहता है कि बारिश होने पर कब धराशायी हो जाए।

ग्रामीणों का कहना है कि पिछले 20 से 25 वर्षों से वे इन नालों पर पुल निर्माण की मांग कर रहे हैं, लेकिन आज तक इस ओर न तो जनप्रतिनिधियों ने ध्यान दिया और न ही प्रशासन ने कोई पहल की। जनपद सदस्य मौसमी मांडवी ग्राम पंचायत घुरावड़ के सरपंच महेश नेताम, जनपद सदस्य मौसमी मंडावी, उपसरपंच ईश्वर लाल मंडावी, बिदेराम नेताम, रतन कोर्राम, तिलक राम नेताम, राजकुमार मरकाम, रामस्वरूप मरकाम, सीताराम नेताम सहित ग्रामवासियों ने मांग की है कि इन दोनों नालों पर शीघ्र स्थायी पुल का निर्माण हो, ताकि वे सुरक्षित तरीके से अपने खेतों और घरों तक पहुंच सकें जिससे उनकी पढ़ाई, आजीविका प्रभावित न हो। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस गंभीर समस्या पर कब संज्ञान लेता है और घुरावड़ क्षेत्र के किसानों को राहत कब मिलती है।



## खबर संक्षेप

### होला राम परिहा एवं यशकरण गजेंद्र प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बने




**धमतरी।** छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ के प्रांतीय कार्यकारिणी में होलाराम परिहा एवं यशकरण सिंह गजेंद्र को मनोनीत किया गया। इनके मनोनयन पर डॉ. डीपी मनहर प्रांतीय अध्यक्ष एवं रतनलाल केवर्थ प्रांतीय महासचिव के प्रति आभार व्यक्त करते हुए जिला शाखा अध्यक्ष कृपा शंकर मिश्रा, संभागीय अध्यक्ष राजेंद्र चंद्राकर, कृष्णा राम साहू, राजकुमार मिश्रा, अरुण गौर, लालाराम कोषाध्यक्ष एवं हनुमान सिंह वर्मा ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

### मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय व राम विचार नेताम का आभार माना

**धमतरी।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय व कृषि मंत्री रामविचार नेताम के



द्वारा धमतरी विधानसभा के रावां मंडल अंतर्गत सभी सोसाइटी में गोदामों में प्रदेश भाजपा महामंत्री रामू रोहरा, जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस, पूर्व विधायक इंदरचंद चोपड़ा, पूर्व विधायक रंजना साहू के अथक प्रयास से रावां में 200टन का गोदाम बनाने की स्वीकृति मिली है। रावां में भाजपा सरकार में विकास का गाथा लिखा जा रहा जिस पर मंडल अध्यक्ष अमन राव, पूर्व मंडल अध्यक्ष मुरारी यदु, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष बाला राम साहू, भगत यादव, धनेश्वरी साहू (जिला पंचायत सदस्य), राकेश साहू (महामंत्री जिला भाजपा), राजू चन्द्राकर (पूर्व उपाध्यक्ष जनपद पंचायत), दमयंती साहू, राकेश सिन्हा,संतराम साहू, केशव साहू, दुजराम सिन्हा,तुलाराम साहू,साकेत साहू,चिरौंजी लाल साहू, आनंद चन्द्राकर, फतेश्वरी साहू (जनपद सदस्य), फागेश्वरी साहू(जनपद सदस्य), देहुती साहू (जनपद सदस्य),परमेश्वर साहू, प्रभूराम साहू, जागेश्वरी साहू, बसंत मीनपाल,नामदेव राय व रावां मंडल के कार्यकर्ताओं ने आभार व्यक्त किया है।

### सलोनी में सेवानिवृत व्याख्याता को दी विदाई



**धमतरी।** 43 वर्ष शासकीय सेवा करने के बाद घनश्याम सिंह साहू व्याख्याता शाउमावि सलोनी को शाला परिवार सलोनी ने भावभीनी विदाई दी। उन्होंने सलोनी विद्यालय में पंद्रह वर्ष तक हिंदी के व्याख्याता के रुप में सेवा दी और 30 अप्रेल को सेवानिवृत हुए। उन्होंने 1981 में तदर्थ शिक्षक के रुप में अपनी नौकरी प्रांरभ किया। शिक्षक दोनों पैरो से दिव्यांग होने की समस्या को नजर अंदाज करते हुए दिव्यांगजनों को शासन से मिलने वाली लाभ एवं सुविधा को जैसे पेंशन,छात्रवृति,उपकरण, शिष्यवृत्ति, रेलवे एवं बस पास बनवाना, कृत्रिम अंग लगवाना जिला मेडिकल बोर्ड में प्रमाण पत्र बनवाना ,विवाह प्रोत्साहन योजना, तथा शासकीय सेवकों को शासन से मिलने वाली छूट संबधी जानकारी देते रहते हैं। उन्होने कोरोना काल के समय गांव गांव में नशामुक्ति अभियान चलाया। आंगनबाड़ी सलोनी को गोदलेकर बच्चों को पौष्टिक आहार प्रदान कर उनके शारीरिक एवं मानसिक विकास में सहयोग देते रहे।

### सहज समाधि मेडिटेशन से होता है उर्जा का संचार

**धमतरी।** दि आर्ट ऑफ लिविंग संस्था द्वारा तीन दिवसीय सहज समाधि मेडिटेशन का आयोजन कबीर आश्रम में किया गया जिसमें अनेक प्रतिभागियों ने भाग लिया। टीचर तामेश्वर साहू ने बताया कि सहज संस्कृत का एक शब्द है जिसका अर्थ है स्वाभाविक या सरल और समाधि अर्थात एक गहरी आनंदित ध्यानपूर्ण अवस्था।

## उत्कृष्ट शिक्षा और संस्कार के लिए शहर में विद्याकुंज का नाम है : रामू रोहरा

# विद्याकुंज स्कूल लोहरसी में प्रतिभावान छात्र-छात्राएं सम्मानित




हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

लोहरसी विद्याकुंज स्कूल में रविवार को 10वीं, 12वीं में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं स्कूल प्रबंधक की ओर से मुख्य अतिथि रामू रोहरा निगम महापौर ने प्रशस्ति पत्र, मेडल व पारितोषिक देकर सम्मान किया एवं उच्च पदों पर आसीन होकर शहर और प्रदेश का नाम रोशन करने की शुभकामनाएं दी।

महापौर श्री रोहरा ने कहा कि इस स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को उत्कृष्ट तामील मिल रही है। गुडविल के कारण शहर, प्रदेश में नाम है। स्कूल स्टाफ सहित प्रबंधन में व्यावसायिककरण को त्याग कर शिक्षा को महत्व दिया है इसलिए स्कूल के अधिकतम बच्चे 90 से 95 प्रतिशत अंक लेकर उत्तीर्ण हो चुके हैं। पालकों को भी पता है कि जिस स्कूल में उनके बच्चे पढ़ रहे हैं वहां रिजल्ट अच्छा अंक आता है। इसलिए माता-पिता सारी चिंताएं छोड़कर अपने बच्चों को स्कूल को समर्पित कर रहे हैं। इसका सकारात्मक रिजल्ट भी सामने है। एक अर्से से विद्याकुंज स्कूल का शहर में नाम है। हमारे लिए गौरव का विषय है कि ऐसा स्कूल भी हमारे शहर में है जो महानगरों के स्कूल के मुकाबले अच्छी शिक्षा शहर में ही दे रहा है। उन्होंने बच्चों से आह्वान किया कि मेहनत के साथ-साथ दिशा निर्देश भी जरूरी है इसलिए स्कूल शिक्षकों की बातों को फॉलो करें। इस स्कूल में अच्छी शिक्षा के साथ संस्कार भी दिया जा रहा है जो आज के दौर में जरूरी है। बच्चों की सफलता से ही शहर की तरक्की होती है इसलिए बच्चे पढ़ाई पर विशेष फोकस करें। शिक्षा में वो ताकत है जो इसे ग्रहण करता है, वह हर कठिनाइयां आसानी से पार कर लेता है।

शाला प्रबंधन की ओर से अमित तिवारी, सुमन तिवारी, आदित्य तिवारी, बुद्धदत्त तिवारी, शैलेश जगताप (प्राचार्य) स्कूल स्टाफ ने मुख्य अतिथि रामू रोहरा महापौर नगर निगम का पुष्पहार से स्वागत किया तथा कार्यक्रम आयोजन के उद्देश्य के संबंध में जानकारी दी। इस अवसर पर अमित तिवारी ने कहा कि पालकों और बच्चों के भरोसा बनाए रखने के लिए स्कूल में उत्कृष्ट प्रबंधन के द्वारा शिक्षा दी जाती है, जिसका रिजल्ट आपके सामने है। आगे भी प्रयास रहेगा कि लोगों की बातों को ध्यान में रखकर अच्छी शिक्षा दी जाए। अभिनंदन समारोह में मेधावी छात्र-छात्राओं के साथ-साथ उनके पालकगणों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन शबीना तबस्सुम एवं भूमिका मूलवानी ने किया।

### 90 प्रतिशत से ऊपर के छात्रों का सम्मान

शिक्षण सत्र 2023 24 में कक्षा दसवीं में तनिष्का गोयल, गुंजन जैन, माही मेश्राम, यशी चोपड़ा, भूमिका रामटेके, समृद्धि अग्रवाल, सोनाली साहू, पूर्वा साहू, गरिमा देवांगन, टीना साहू कक्षा 12वीं में प्रियांशु देवांगन, ऋषिका रामराख्यानी, निखिल गांधी, विधि नागवानी, शिक्षण सत्र 2024 25 कक्षा दसवीं में रितिक साहू, अपर्णा साहू, रैना गौतम, दीक्षा सिन्हा, सुयशा साहू, यिशिका देवांगन, श्रेयांश अडवाणी कक्षा 12वीं में निधि मानेक, आस्था साक्षी, सोमिल जसूजा, सानिध्य सिन्हा, आयुष जटवार, विनीता साहू, प्रांजल जैन ने 90% से अधिक अंक प्राप्त कर अपने माता-पिता समाज एवं विद्यालय परिवार को गौरवांवित किया है।

## सकल गुजराती समाज ने किया भगवान शंकर का महारुद्राभिषेक

- हर-हर महादेव, जय शिव शंभू से गूंजा पूरा शिवधाम लोकांगन परिसर
- प्रीतेश गांधी ने कहा सामाजिक मान्यताओं, सनातन परंपराओं तथा धार्मिक आयोजन में समाज निभाएगा सदैव अग्रणी भूमिका




हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

सावन के पवित्र महीने में भगवान शंकर की पूजा आराधना एवं साधना के लिए सकल गुजराती समाज द्वारा वैशाली नगर भिलाई में श्री शिव महारुद्राभिषेक का वृहद धार्मिक आयोजन किया गया। इस आयोजन में 251 यजमान परिवारों ने अपनी सहभागिता निभाते हुए भगवान शंकर का दूध, दही, घी,शर्करा, शहद के साथ सहस्त्र धारा से जलाभिषेक मंत्रोच्चारण के साथ ही वैदिक रीति रिवाज से किया गया।

इस अवसर पर सर्व गुजराती समाज छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष प्रीतेश गांधी ने कहा कि सनातन परंपरा को आगे बढ़ाने के लिए गुजराती समाज में अनेक सामाजिक मान्यताएं पुरातन काल से चली आ रही है जिसके लिए समय-समय पर धार्मिक आयोजन भी होते रहते हैं और यही एकमात्र कारण है कि गुजरात की धरती अनेक धर्म कर्म के क्षेत्र में विशिष्ट पहचान रखने वाले महत्वपूर्ण हस्तियों को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर धार्मिक कार्यों के लिए समर्पित किए हैं और इसी भावनाओं को आगे बढ़ाने के लिए सकल गुजराती समाज का यह आयोजन महत्वपूर्ण कड़ी साबित हो रहा है। हमारा समाज सदैव आगे रहते हुए अग्रणी भूमिका निभाएगा। गौरतलब है कि उक्त अनुष्ठान को वेदपाठी शास्त्री पं.प्रकाश भाई जोशी के साथ ही वेदपाठी ब्राह्मणों की टीम ने संपन्न कराई जिससे पूरा परिसर हर हर महादेव, ओम नमः शिवाय, जय भोले शंभू के नारों से गूंजते हुए धार्मिक वातावरण का निर्माण कर रहा था। इस स्थल को शिव धाम का रूप देते हुए पूरा लोकांगन परिसर भगवा सनातनी रंग से सजाया गया था जिसमें सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु भाग लेकर सावन माह के इस पवित्र कार्य में अपनी सहभागिता निभाने के लिए उपस्थित रहे।

महारुद्राभिषेक के इस पावन अवसर पर प्रमुख रूप से वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन सपरिवार सम्मिलित होकर पूजा अर्चना किए। अग्रसेन जन कल्याण समिति के अध्यक्ष बंसी अग्रवाल भी सहभागिता किए। इस अवसर पर प्रमुख रूप से पंडित प्रकाश जोशी, गिरीश सावरिया अध्यक्ष सकल गुजराती समाज दुर्ग जिला,अनिल पटेल कार्यकारी अध्यक्ष सकल गुजराती समाज, संजय नथवाणी सचिव, राजेश राजा कोषाध्यक्ष, सर्व गुजराती समाज छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष प्रीतेश गांधी, प्रफुल दीक्षित, नम्रता बेन, मयूरी वड़ोदरिया, शीतल सरवैया, प्रियेश पटेल, दीपेन पटेल, भावेश दावड़ा, लखमशी भानुशाली, हरि कटारिया, महेंद्र राजपुरिया, योगेश गाँधी, प्रवीण आड़तिया, राजेश नथवानी, तुषार चौहान, दीपक चावड़ा, राहुल पटेल, प्रफुल्ल दीक्षित, नरोत्तम टांक, योगेश त्रिवेदी, दिनेश पंड्या, निकेत मेहता, कृष्ण मिरानी, लोहाना महाजन समाज अध्यक्ष रायपुर, कीर्ति शाह अध्यक्ष गुजराती समाज धमतरी, प्रकाश पुजारा, वीरेंद्र राठौर, जगदीश मेहता, मोहित ठक्कर, केतन रायचुरा, उमेश राठौर उपस्थित रहे।

## कचरे से स्वतंत्रता अभियान के तहत सौंदर्यीकरण के लिए बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



कलेक्टर के निर्देशानुसार एवं महापौर रामू रोहरा के नेतृत्व में नगर निगम आयुक्त प्रिया गोयल द्वारा निगम कार्यालय में शहर के प्रमुख सामाजिक एवं स्वास्थ्य संगठनों मेडिकल एसोसिएशन, रोटरी क्लब, लायंस क्लब, लायनेस क्लब एवं डॉक्टर्स एसोसिएशन संघ के प्रतिनिधियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य - कचरे से स्वतंत्रता-अभियान के तहत धमतरी शहर के प्रमुख चौराहों एवं सार्वजनिक स्थलों के सौंदर्यीकरण की रूपरेखा तय करना था। इस अभियान के अंतर्गत शहर को स्वच्छ, सुंदर और जागरूक बनाने हेतु संस्थाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। आयुक्त ने उपस्थित सदस्यों से अनुरोध किया कि वे अपने-अपने संगठन के माध्यम से नागरिकों को जागरूक करें, सहयोग प्रदान करें और चौक-चौराहों पर कचरा न फैलाने हेतु प्रेरित करें। साथ ही, कचरे के गीले और सूखे विभाजन एवं डस्टबिन उपयोग की आदत विकसित करने पर जोर दिया गया। बैठक में सभी संगठनों ने इस अभियान में सक्रिय योगदान देने की सहमति दी और शहर के सौंदर्यीकरण हेतु जनभागीदारी से कार्य करने का आश्वासन दिया।

### प्रत्येक व्यक्ति पौधारोपण जरूर करें : गौकरण

**सिर्री।** शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल कठौली एक अगस्त को पौधरोपण किया गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष गौकरण साहू, विशेष अतिथि शाला विकास समिति अध्यक्ष नीलमणि निषाद, सदस्य सागर साहू, जनपद सदस्य दिलीप चक्रधारी थे। जिपं उपाध्यक्ष ने अपने उद्बोधन में कहा कि पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखने प्रत्येक व्यक्ति को पौधा लगाना चाहिए। पारिस्थितिक तंत्र, वातावरण को संतुलित बनाए रखने में पेड़ पौधों का विशेष योगदान है।

### 11 विद्यार्थियों ने आजीवन नशा नहीं करने का लिया संकल्प

**धमतरी।** गायत्री परिवार द्वारा किशोर कौशल अभियान के तहत गुरुवार को शहर के नत्थूजी जगताप नगरनिगम उमावि में नशा मुक्त भारत अभियान चलाया गया। अनेक विद्यार्थियों ने जीवन भर नशा न करने व आसपास के लोगों को भी नशा से दूर रहने प्रेरित करने का संकल्प लिया। जिला समन्वयक दिलीप नाग ने बहुमूल्य मानव जीवन का महत्व बताते हुए प्रेरणा गीत प्रस्तुत किया। प्रभारी नारायण कौशिक ने कहा कि सफलता प्राप्त करने मन की एकाग्रता जरुरी है।

## रात में पढ़ाई की निगरानी हेतु घर-घर घूम रहे हैं वालिंटियर

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी



शिक्षा, विद्यालय प्रशासन,पालक और बच्चे के मध्य एक त्रिकोणीय प्रक्रिया है। यदि ये तीनों मजबूत हैं तभी शिक्षा व्यवस्था बेहतर बन सकती है। सेजेस सिंगपुर मगरलोड में इसी त्रिकोणीय व्यवस्था को ठीक करने की कोशिश जारी है।

रविवार अवकाश के दिन एस.एम.डी.सी., पालक, ग्राम पंचायत एवं शिक्षकों की संयुक्त बैठक में विद्यालय के प्राचार्य डॉ व्ही. पी.चन्द्रा ने पालकों के समक्ष यह प्रस्ताव रखा कि विद्यालय की छुट्टी के बाद बच्चों की पढ़ाई की जिम्मेदारी पालक उठाएं। बच्चे विद्यालय में केवल छः घण्टे पढ़ाई करने के लिए आते हैं। शेष समय घर परिवार एवं समुदाय में बिताते हैं। अतः पालकों की जिम्मेदारी बनती है कि वे बच्चों की पढ़ाई पर निगरानी रखें। प्राचार्य ने विस्तार से इसके फायदे बताए। पालक एवं गांव के युवाओं को उन्होंने इस कार्य के लिए आमंत्रित किया। चर्चा परिचर्चा आगे बढ़ी। पालकों को बातें समझ आईं कि बच्चों की शिक्षा दीक्षा में उनकी क्या भूमिका है।



बैठक में ही ग्राम पंचायत सिंगपुर के युवा सरपंच लोमेश्वर साहू ने इसकी जिम्मेदारी लेते हुए घोषणा की, कि वे गाँव में युवाओं से विस्तृत चर्चा पश्चात उन्हीं में से वालिंटियर बनाकर हर एक बच्चे की पढ़ाई पर न केवल निगरानी रखी जायेगी अपितु बच्चों के घर जाकर बच्चे तथा उनके माता पिता से बात भी की जाएगी। एन ई पी 2020 में इसे शैक्षिक ट्रेकिंग कहा गया है। ध्यान देने वाली बात यह है कि इस अभियान में वे पालक भी वालिंटियर का दायित्व निभा रहे हैं जिनके बच्चे स्कूल में नहीं पढ़ते। इस अभियान में सर्व समाज की भूमिका है। समाज प्रमुख गांव के बच्चों को अपने बच्चे की तरह मानते हैं। इसे और भी प्रभावी बनाने के लिये सरपंच तथा पालकों ने वार्डवार वालिंटियर की नियुक्ति की। अब ये वालिंटियर घर घर जाकर बच्चों की पढ़ाई की निगरानी कर रहे हैं। रात्रि में आठ बजे के पश्चात स्कूली बच्चों की घर से बाहर निकलने पर पाबंदी लगा दिया है। स्कूली बच्चों को गुटका, पान, पाउच, बीड़ी, सिगरेट जैसी चीजों को न देने की हिदायत दुकानदारों को दे दी गई है। सेजेस के प्राचार्य एवं शिक्षकों के प्रस्ताव पर पालकों ने मुहर लगाते हुए शिक्षकों का उत्साह वर्धन किया है। वहीं पालकों के सराहनीय कदम की प्रशंसा शिक्षक कर रहे हैं। अब एक दूसरे के सहयोगी बनकर बच्चों की पढ़ाई पर जोर दिया जा रहा है।

पालकों के इस सराहनीय कदम को और भी प्रभावी बनाने के लिए स्थानीय शिक्षकों में कल्याण कौशल, आर के साहू, योगेश साहू, टिकेश्वर धुव, गोकुल ध्रुव, दुलेश्वरी ध्रुव, मोनिका रावटे, नवीन बागड़े, भूपेंद्र बागड़े, प्रीतम साहू, शकुंतला साहू, लोमश मरकाम पालकों का उत्साहवर्धन कर रहे हैं। इधर पालकों में से अभिषेक ज्वेल,कुंदन साहू,जमाल खान, डॉ हेमन्त साहू, आशीष ग्वाल, धनेंद्र साहू,राधेलाल सिन्हा, इकरामुद्दीन खान, धनन्जय साहू, अयूब रिज़वी, केशव साहू, विधायक प्रतिनिधि इशहाक खान, ज्योति तिवारी, सफीना बानो, यामिनी यादव, केशव साहू, ग्राम पटेल जितेंद्र गंगासागर, फणीश गंगासागर, सुंदरलाल कुंजाम, राय सिंह पहारिया ने इस साझे पहल को ऐतिहासिक बताते हुए इसे और भी प्रभावी बनाने का संकल्प लिया है। निश्चित ही भविष्य में इस साझे पहल का परिणाम चौकाने वाला होगा। पहले विद्यालय और गाँव के बीच दूरी थी। अब दूरी मिटने से पालक इस बात को भली भांति समझ गए हैं कि हमर गाँव, हमर स्कूल, हमर लईका, हमर जिम्मेदारी।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरुष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, श्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
स्थायी ईलाज
विशेषताएं-
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020

रायपुर के सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टर से मिलिए
05 अगस्त, मंगलवार, गायत्री मंदिर कुरुद
06 अगस्त, बुधवार, सूरज मेडिकल धमतरी
समय सुबह 10 से 3 बजे तक
— मूत्र एवं किडनी रोग —
क्या आपको मूत्र मार्ग में जलन, दर्द, कमजोर धार
बार-बार पेशाब जाने की इच्छा होना
रात में बार-बार पेशाब जाना
पेशाब नली में सिकुड़न (Urethral Stricture)
प्रोस्ट्रेट ग्रंथी का बढ़ना (BPH)
मूत्र मार्ग में बार-बार इंफेक्शन Pus Cell बनना
अंडकोष में सूजन (Hydrocele,Varicocele)
पथरी (मूत्र मार्ग में पथरी)
क्या आप पेशाब मार्ग में पाईप डालते है?
यौन रोग
पेनिस में दाने, छाले, खुजली, चमड़ी फटना यौन कमजोरी (इच्छा न होना) शुकाणु की कमी Erectile Dysfunction
12000 से अधिक मरीजों का सफल इलाज 15 वर्ष का अनुभव
Dr Lal PathLabs से खून जांच पर 60% की छूट
मिरैकल्स होम्योपैथी
प्रो. डॉ. ए.के. चौरसिया एम.डी., (होम्योपैथी मेडिसिन) | डॉ. एस. चौरसिया एम.एस., (फाईल्स रोग विशेषज्ञ)
8982316464, 9406004581

ज्योतिषी शिर्डी से आपके धमतरी में
अखिल भारतीय ज्योतिषी सम्राट
माँ कामाख्या के परम भक्त
पं. कुण्डलिक शास्त्री जी
आपके शहर धमतरी में फिर से
जनता की मांग पर 7वीं बार : 4 अगस्त से 8 अगस्त तक
मां कामाख्या के आशीर्वाद प्राप्त भक्त पंडित जी चेहरा-हस्तरेखा ध्यान से देखकर भविष्य बताते हैं। जैसे रोग- संतान प्राप्ती, मांगलिक दोष, कालसर्प दोष, शादी में रुकावट, प्रेम विवाह, पारिवारिक-घर में अशांति, संतान योग, पढ़ाई में मन न लगना, बच्चों के कैरियर, विदेश यात्रा, राजनैतिक, सामाजिक, पारिवारिक, कोर्ट-कचहरी से परेशानी, नौकरी में प्रमोशन, व्यापार धन लाभ, शारीरिक कष्ट, रोग, पीड़ा, कलेश, शत्रु से मुक्ति, घर से परेशान, पति-पत्नी का दोष आदि समस्याओं का समाधान। कठिन से कठिन समस्याओं का समाधान।
बाबाजी सिर्फ 3 प्रश्नों के उत्तर देंगे, जिसकी भावना शुद्ध है वही मिले
(मिलने का समय : सुबह 8 से 12 बजे, दोपहर 2 से शाम 6 बजे तक)
पता - भगवती लॉज, रूम नं. 117 बस्तर रोड, धमतरी मो. 9637078050
फीस 205/-

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
7 दिन
स्लीपर मात्र 12,500/-
गोवा-बाम्बे
महालक्ष्मी टेम्पल, हाजीअली, सिद्धिविनायक, गेटवे ऑफ इंडिया, होटल ताज, जुहू चौपाटी, नॉर्थ साउथ गोवा - कोलवा बीच, सेंत जोवेलियर्स चर्च, अंजुमन बीच, डोलपन बीच, कलांगुटे बीच
6 सितंबर, 6 अक्टूबर, 10 नवंबर, 20 दिसंबर
राशि:-स्लीपर-12,500/-, 3 एसी- 22,500/-, (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411